आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 23.09.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्थानीय व्यापारियों से नए जीएसटी से घटे हुए कर का लाभ आम जनता तक पहुंचाने की अपील की। आम लोगों से स्वदेशी और स्थानीय उत्पाद अपनाने का आग्रह किया।
- केंद्र सरकार ने चालू वित्त वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 25 लाख अतिरिक्त कनेक्शन देने का फैसला किया।
- मुख्यमंत्री ने नकल माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी; कहा– परीक्षा प्रणाली को बदनाम करने की कोशिश करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।
- यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण के दूसरे चरण का कार्य शुरू; पालीगाड से जानकीचट्टी तक लगभग 23 किलोमीटर लंबे इस मार्ग को 344 करोड़ रुपये की लागत से चौड़ा किया जाएगा।

## जीएसटी बचत उत्सव

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के प्रेमनगर आयोजित 'जीएसटी बचत उत्सव' कार्यक्रम में भाग लिया। यह आयोजन देशभर में जीएसटी दरों में की गई कटौती के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया।

मुख्यमंत्री ने स्थानीय व्यापारियों से नए जीएसटी स्लैब पर फीडबैक लिया और उनसे घटे हुए कर का लाभ आम जनता तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने कई आवश्यक उत्पादों और सेवाओं पर जीएसटी दरों में कमी की है, जिससे हर वर्ग को राहत मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने जनता से अधिक से अधिक स्वदेशी और स्थानीय उत्पादों को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे कुटीर उद्योग और स्थानीय कारोबार को बढ़ावा मिलेगा और प्रदेश व देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक, व्यापारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे। लोगों ने जीएसटी दरों में कटौती को 'डबल इंजन सरकार' का उपहार बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री धामी का आभार व्यक्त किया।

## अतिरिक्त एलपीजी गैस कनेक्शन

केंद्र सरकार ने चालू वित्तवर्ष के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 25 लाख अतिरिक्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने का फैसला किया है। महिला लाभार्थियों को अभिवादन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार का यह कदम महिला सशक्तिकरण के संकल्प को और मजबूत करेगा।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि सरकार प्रत्येक नए कनेक्शन पर दो हजार से अधिक रुपये खर्च करेगी।

कार्रवाई

बागेश्वर जिला चिकित्सालय में एक बच्चे की मौत के मामले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच रिपोर्ट और कारण बताओ नोटिस के आधार पर कई अधिकारियों और कर्मचारियों को दंडित किया गया है। इन सभी पर चिकित्सीय सहायता देने में लापरवाही और कर्तव्यों के प्रति उदासीनता रखने का आरोप है।

प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. तपन शर्मा को तत्काल प्रभाव से पद से हटाकर निदेशक कुमाऊं मंडल के साथ संबद्ध किया गया है। 108 वाहन चालकों ईश्वर सिंह टोलिया और लक्ष्मण कुमार को एक माह तक कार्य से दूर रखने और अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करने का आदेश दिया गया है।

नर्सिंग अधिकारी महेश कुमार, हिमानी और कक्ष सेवक सूरज सिंह कन्नाल को कठोर चेतावनी दी गई है। चिकित्साधिकारी डॉ. भूरेन्द्र घटियाल को भी चेतावनी जारी की गई है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकित कुमार के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज करने का आदेश दिया गया है।

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई की गई है और विभाग का संदेश स्पष्ट है कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

धनराशि स्वीकृत

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 72 करोड़ 62 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके तहत नाबार्ड वित्त पोषण से संबंधित विभिन्न जिलों में सिंचाई विभाग की 25 योजनाओं के लिए 69 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। उत्तरकाशी जिले के नौगांव विकासखंड के तुनाल्का गांव में न्यायिक विभाग के टाइप–2 के 6 आवास और पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए करीब ढाई करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

इसके अलावा माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत दून पुस्तकालय एवं शोध केंद्र के लिए 1 करोड़ रुपये की अनुदान राशि राज्य आकस्मिकता निधि से स्वीकृत की गई है।.

मुख्यमंत्री चेतावनी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि परीक्षा प्रणाली को बदनाम करने की कोशिश करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और नकल माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि उत्तराखंड का आने वाला समय स्थिरता और विकास के नाम रहेगा।

देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि सख्त नकल विरोधी कानून लाए जाने से कुछ लोग सरकार को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन इनके षड्यंत्र सफल नहीं होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता ने विकास और स्थिरता को चुना है और आने वाला समय इन्हीं के नाम रहेगा।

सडक चौड़ीकरण

यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण के दूसरे चरण का कार्य शुरू हो गया है। पालीगाड से जानकीचट्टी तक लगभग 23 किलोमीटर लंबे इस मार्ग को ऑल वेदर परियोजना के तहत 344 करोड़ रुपये की लागत से चौड़ा किया जाएगा।

गौरतलब है कि चारधाम परियोजना के अंतर्गत ऋषिकेश से चारों धामों को जोड़ने वाले मार्गों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। धरासू बैंड से पालीगाड तक हाईवे पहले ही चौड़ा हो चुका है, लेकिन पालीगाड से जानकीचट्टी तक का हिस्सा कुछ विवादों के कारण छूट गया था। अब इस हिस्से के चौड़ीकरण की शुरुआत हो गई है।

राष्ट्रीय राजमार्ग खंड ने कार्यरत एजेंसी को पहले, बारिश से प्रभावित हिस्सों पर कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

आयुष्मान भारत–सात वर्ष

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना ने सात वर्ष पूरे कर लिए हैं। यह योजना 23 सितम्बर 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई थी। इसके अंतर्गत प्रत्येक परिवार को प्रतिवर्ष पाँच लाख रुपये तक निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध है। उत्तराखंड में प्रारंभ में 5 लाख 97 हजार परिवारों को इस योजना में शामिल किया गया था। बाद में राज्य सरकार ने अटल आयुष्मान योजना और राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना भी लागू की। एक रिपोर्ट–

प्रदेश में अब तक 61 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं और 17 लाख से अधिक मरीजों ने निःशुल्क उपचार का लाभ लिया है। सात वर्षों में इस पर करीब तीन हजार 300 करोड़ रुपये खर्च हुए। प्रदेश में 396 अस्पताल सूचीबद्ध हैं, जिनमें 201 सरकारी और 195 निजी अस्पताल शामिल हैं। बाहरी राज्यों के 31 हजार से अधिक अस्पताल भी इस योजना में जुड़े हुए हैं।

बुजुर्गों के लिए आयुष्मान वय वंदना कार्ड के अंतर्गत 70 वर्ष या उससे अधिक आयु वालों को पाँच लाख रुपये तक कैशलेस उपचार की सुविधा दी जा रही है। अब तक 20 हजार से अधिक कार्ड बनाए जा चुके हैं और करीब पाँच हजार लाभार्थियों ने इस योजना से फायदा उठाया है।

सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए भी विशेष व्यवस्था है, जिसके तहत केवल पुलिस रिपोर्ट के आधार पर 1.50 लाख रुपये तक या सात दिन तक कैशलेस उपचार उपलब्ध है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि यह योजना लाखों मरीजों के लिए संजीवनी साबित हुई है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने इसे गरीब और जरूरतमंदों के लिए वरदान बताया। राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण अध्यक्ष अरविन्द सिंह ह्यांकी ने कहा कि पारदर्शिता के साथ चिकित्सा दावों का निस्तारण किया जाता है और गलत दावे करने वाले अस्पतालों पर कार्रवाई की गई है। आकाशवाणी समाचार, देहरादून

शिविर आयोजन

उत्तराखंड में "स्वस्थ नारी : सशक्त परिवार" अभियान के तहत अब तक 7 सात पांच सौ से अधिक शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनसे साढ़े तीन लाख से ज्यादा लोग लाभान्वित हुए हैं। अभियान के शुरूआती दिन 22 सितम्बर को ही प्रदेशभर में 1 हजार 487 शिविर लगाए गए, जिनमें 29 विशेषज्ञ शिविर शामिल रहे। 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में राज्य के 13 जिलों में शहरी और ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, एनीमिया व टीबी जांच, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य स्क्रीनिंग, निःशुल्क दवा वितरण, पोषण व स्वच्छता पर परामर्श तथा महिलाओं व किशोरियों के लिए स्वास्थ्य एवं कौशल जागरूकता सत्र जैसी गतिविधियां संचालित हो रही हैं।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

उत्तराखंड में पेपर लीक प्रकरण में 5 पर केस, एक गिरफ्तारः इस शीर्षक के साथ हिन्दुस्तान समाचार पत्र मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है— राज्य सरकार को बदनाम करने की हो रही साजिश, आज सीएम से होगी बेरोजगारों की वार्ता।

8 दिन से बाधित पांवटा राजमार्ग पर आज से शुरू होगी वाहनों की आवजाही— दैनिक जागरण इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है— लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड ने दावा किया है कि राजमार्ग पर नंदा की चौकी के पास क्षतिग्रस्त हुए पुल के पास वैकल्पिक पुलिया का निर्माण पूरा कर आवागमन होगा शुरू।

हवाई सेवा से जुड़ेंगे जिला मुख्यालय और पर्यटन स्थल— हिन्दुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक— खबर के अनुसार, मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने दिए हवाई कनेक्टिविटी से जोड़ने के निर्देश।

केदारनाथ धाम के गर्भगृह स्वर्ण मंडित करने के मामले में मंदिर समिति को क्लीन चिट— दैनिक जागरण इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है— गढ़वाल कमिश्नर की रिपोर्ट में कहा गया है की मंदिर समिति ने ना तो सोना खरीदा और ना ही लगवाया था।

और, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की पदोन्नति के लिए नियमावली में होगी संशोधन— इस शीर्षक के साथ अमर उजाला मंत्री रेखा आर्य के हवाले से खबर में लिखता है— सुपरवाइजर के 50 प्रतिशत पदों पर पदोन्नति का रास्ता होगा साफ।